भारत पर अरबों का आक्रमण

1. 712 ई. में सिंध पर अरबों के आक्रमण के समय वहाँ का शासक कौन था ?
(अ) दारासिंह (ब) दाहिर
(स) चच (द) भीम
उत्तर : (ब)
व्याख्या:– राजा दाहिर सिंध के सिंधी ब्राह्मण सैन गुर्जर राजवंश के अंतिम राजा थे। उनके समय में ही अरबों ने सर्वप्रथम सन् 712 ई. में भारत (सिंध) पर आक्रमण किया था जहाँ पर राजा दाहिर सैन ने उन्हें रोका और उनके साथ युद्ध किया परन्तु पराजित हुए। भारत पर अरबवासियों के आक्रमण का मुख्य उद्देश्य धन–दौलत लूटना तथा इस्लाम धर्म का प्रचार–प्रसार करना था।

2. वर्तमान भारत में 'जजिया' कर लगाने का श्रेय सिंध के विजेता मुहम्मद बिन कासिम को दिया जाता है। उसने किस वर्ग को इस कर से पूर्णतः मुक्त रखा ?
(अ) मुसलमानों को
(ब) बौद्धों को
(स) ब्राह्मणों को
(द) निम्न जाति के लोगों को
उत्तर : (स)
व्याख्या:– सर्वप्रथम भारत में जजिया कर लगाने का श्रेय सिंध के विजेता मुहम्मद बिन कासिम को दिया जाता है। उसने ब्राह्मण वर्ग को इस कर से पूर्णतः मुक्त रखा था।

3. निम्नलिखित में से भारत पर पहली बार आक्रमण करने वाला कौन था ?
(अ) अफगान (ब) मंगोल
(स) अरब (द) तुर्क
उत्तर : (स) SSC 2002
व्याख्या:– मुहम्मद बिन कासिम ईरान के गवर्नर अल हज्जाज का सेनापति व दामाद था। हज्जाज ने 712 ई. में मुहम्मद बिन कासिम को भारत पर आक्रमण करने के लिए भारत भेजा। मुहम्मद बिन कासिम के नेतृत्व में अरबों ने 712 ई. में भारत पर पहला सफल आक्रमण किया। अरब आक्रमण के समय सिन्ध पर राजा दाहिर का शासन था, जो मुहम्मद बिन कासिम के साथ युद्ध में पराजित हुआ। भारत पर अरबवासियों के आक्रमण का मुख्य उद्देश्य धन–दौलत लूटना तथा इस्लाम धर्म का प्रचार–प्रसार करना था।

4. भारत में प्रथम आक्रमणकारी था–
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक
(ब) महमूद गजनवी
(स) मुहम्मद बिन कासिम
(द) मुहम्मद गौरी
उत्तर : (स) UPPCS 2002

5. किसके नेतृत्व में अरबों का भारत पर पहला सफल आक्रमण किया ?
(अ) महमूद गजनी (ब) मुहम्मद बिन कासिम
(स) मुहम्मद गौरी (द) बाबर
उत्तर : (ब)

6. अरबों ने सिन्ध पर कब विजय प्राप्त की थी ?
(अ) 712 ई. (ब) 612 ई.
(स) 714 ई. (द) 718 ई.
उत्तर : (अ)

7. अरब आक्रमण के समय सिन्ध पर किसका शासन था ?
(अ) दाराशिकोह (ब) दाहिर
(स) चच (द) भीम
उत्तर : (ब)

8. भारत पर अरबवासियों के आक्रमण का मुख्य उद्देश्य था–
(अ) धन–दौलत लूटना
(ब) इस्लाम का प्रचार–प्रसार करना
(स) (अ) और (ब) दोनों
(द) मुस्लिम साम्राज्य का विस्तार
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com